# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ
**ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560 003**

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
**Malleshwaram, Bengaluru – 560 003**

## 2023-24ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ
## S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER – 2023-24

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ ] **ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61-H**

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : **80** ] **Subject Code : 61-H**

**CCE-RF : ಶಾಲಾ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು / Regular Fresh**

---

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8**

1. 'आदमी' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

   (A) बहन (B) बुआ

   (C) पत्नी (D) औरत

2. 'वरदान' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) अभिशाप (B) अभिदान

   (C) अभिताप (D) अभियान

3. 'समानाधिकार' शब्द में संधि है –

   (A) वृद्धि (B) गुण

   (C) दीर्घ (D) यण

4. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

   (A) कहानी (B) दायरे

   (C) लड़का (D) माता

5. 'राजसभा' शब्द में समास है –

(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय

(C) द्विगु (D) बहुव्रीहि

6. बाग घर ............ करीब चार मील दूर था ।

रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –

(A) की (B) पर

(C) से (D) का

7. मुझे 'आजाद' कहकर पुकारा करते थे ।

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) प्रश्नवाचक (B) पूर्णविराम

(C) विवरण (D) अर्धविराम

8. 'जीतना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) जलाना (B) हारना

(C) जितवाना (D) जिताना

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4**

9. बसंत की सच्चाई : एकांकी : : कश्मीरी सेब : ......................

10. पक्षी लक्ष्मण शास्त्री : रामानंद शास्त्री : : जैनुलाबदीन : ..................

11. प्राणि दया की सीख : गिल्लू : : बेईमानी पर व्यंग्य : ................

12. बालकृष्ण : भोला-भाला : : बलराम : ........................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4**

13. लेखक परसाई जी को कहाँ ठहराया गया ?

14. दोस्तों की मुलाकात सबसे पहले किससे हुई ?

15. नर, किन-किनको एक समान लाँघ सकता है ?

16. हंस का स्वभाव कैसा होता है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16**

17. प्रेमचंद अपने अनुभव प्रकट करते हुए पाठकों को कैसे सचेत करते हैं ?

18. जैनुलाबदीन नमाज के बारे में क्या कहते थे ?

19. साँप ने दोस्तों को क्या सुझाव दिया ?

20. गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है ?

21. वैज्ञानिक युग में दिनकर जी मानव का विश्लेषण कैसे करते हैं ?

22. बालकृष्ण अपनी माता से क्या–क्या शिकायतें करता है ?

23. शनि के उपग्रह टाइटन के बारे में आप क्या जानते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

शनि ग्रह सौरमण्डल में अत्यंत ठण्डा ग्रह है । क्यों ? कारण दीजिए ।

24. सत्य की शक्ति के बारे में गाँधीजी का कथन क्या है ?

**अथवा**

सत्य के बारे में जॉन मेन्सफील्ड की धारणा क्या है ? स्पष्ट कीजिए ।

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27**

25. गिल्लू के अंतिम दिन का वर्णन कीजिए ।

26. बसंत ईमानदार लड़का है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

27. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ? बताइए ।

28. रोबोटिक कंपनियों के मालिकों के बीच हलचल क्यों मच गई ?

29. एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने के लिए बचपन से ही बचेंद्री ने किस तरह तैयारियाँ कीं ?

30. 'मातृभूमि' कविता में भारत माँ का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?

31. कवि सियारामशरण गुप्त जी के अनुसार समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।

तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :

शनि हमारे सौरमण्डल का एक अद्भुत ग्रह है । किसी ग्रह को शुभ या अशुभ समझने का कोई भौतिक कारण नहीं है । सौरमण्डल के सारे ग्रहों में शनि सुंदर ग्रह है ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच–छः वाक्यों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$**

34. कर्नाटक की शिल्पकला अनुपम है । कैसे ? वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

कन्नड भाषा और संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों ने श्रीवृद्धि की है । कैसे ?

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ..................................

..............................................

..............................................

................................ भागो तुम ।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 × 4 = 4**

36. विक्रम साराभाई बचपन से ही प्रतिभावान और कुशाग्र थे । जब उनकी उम्र मात्र दो वर्ष की थी, रवीन्द्रनाथ टैगोर ने भविष्यवाणी की थी कि यह बालक बड़ा होकर बहुत यश प्राप्त करेगा । उनकी भविष्यवाणी वास्तव में सत्य सिद्ध हुई और विक्रम साराभाई ने एक महान एवं यशस्वी वैज्ञानिक के रूप में संपूर्ण विश्व में अपने ज्ञान और प्रतिभा का प्रकाश फैलाकर कीर्ति अर्जित की । विश्व में वह

सदैव कास्मिक किरणें और परमाणु शक्ति अनुसंधान के लिए स्मरण किये जाते रहेंगे ।

(अ) विक्रम साराभाई कौन थे ?

(आ) विक्रम बचपन में कैसा लड़का था ?

(इ) रवीन्द्रनाथ टैगोर की भविष्यवाणी क्या थी ?

(ई) विक्रम को सदैव किस कार्य के लिए स्मरण किया जाता है ?

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1 × 4 = 4**

37. (क) **जनसंख्या की समस्या**

* प्रस्तावना
* जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम
* समस्या का समाधान / परिहारोपाय
* उपसंहार ।

(ख) **इंटरनेट से लाभ**

✳ प्रस्तावना

✳ अर्थ और लाभ

✳ परिणाम

✳ उपसंहार ।

(ग) **राष्ट्रीय भावैक्य**

✳ प्रस्तावना

✳ अनेकता में एकता

✳ संस्कृति और पर्व

✳ उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5**

38. अपनी पढ़ाई के बारे में पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

बहन की शादी में भाग लेने के लिए छुट्टी माँगते हुए अपने कक्षा अध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE